Need to make adequate safety measures to prevent road accidents occurring due to black spots on roads in Hazaribagh Parliamentary Constituency, Jharkhand-Laid

श्री मनीष जायसवाल (हज़ारीबाग) : जैसा कि हम सभी जानते है कि राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट हर एक राज्य के लिए दुर्घटना का सबब है । हालांकि इन पर विभाग द्वारा सुरक्षा के कई सारे इंतजाम भी किए गए है । महोदय आज मैं अपने लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के अंतर्गत कुछ विशेष राजमार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर हो रही दुर्घटनाओं की तरफ आकृष्ट कराना चाहूंगा । चूटूपालू घाटी में ब्लैक स्पॉट क्षेत्र का प्रमुख ब्लैक स्पॉट है । लगातार सड़क हादसे सारी रोड इंजीनियरिंग को फेल साबित कर रही है । दो-तीन वर्षों में चूटूपालू घाटी में अनेकों दुर्घटनाएं हुई है । चूटूपालू घाटी रांची-रामगढ़ मार्ग में NH ?33 पर स्थित है । हजारीबाग जिले के चौपारण डिवीजन में धनुआ ?बनुआ जंगल का ब्लैक स्पॉट क्षेत्र का दूसरा प्रमुख ब्लैक स्पॉट है । इसी तरह हजारीबाग के अंतर्गत यूपी मोड भी क्षेत्र का प्रमुख ब्लैक स्पॉट है । जो जान माल के जोखिम का सबब बना हुआ है । अतः मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से आग्रह करना चाहूंगा कि इन चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाए जिससे सड़क हादसों को कम किया जा सके ।